हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रोफेसरों को ही थमाया नोटिस...



07 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय में निराकरण नहीं होने व लंबित...



खबर संक्षेप

सेवा ज्योति यात्रा और विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन आज

सीहोर। जिले में सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन 07 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे आवासीय खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन होगा। प्रातः 10.55 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा। इसके पश्चात स्थानीय अतिथियों द्वारा सेवा ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। प्रातः 11.05 बजे राष्ट्रगान के बाद सेवा ज्योति यात्राओं को प्रस्थान कराया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वीआईपी पार्किंग के लिए महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज निर्धारित किया गया है। वहीं आम नागरिकों के वाहनों की पार्किंग के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर निर्धारित किया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

बाल विवाह करवाने पर अब और कसेगा शिकंजा

सीहोर। मध्यप्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम को और प्रभावी बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का राज्य स्तरीय क्षमतावर्धन किया जा रहा है। विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से 6 अक्टूबर को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों, बाल विवाह के प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई तथा अन्य संबंधित कानूनों के साथ इसके जुड़ाव पर अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सामान्य प्रशासन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी और अधिसूचित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी शामिल होंगे। अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को भी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सीएमपीओ को केवल कानून की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि बाल विवाह की सूचना मिलने से लेकर उसके प्रभावी प्रतिषेध, संबंधित विभागों के साथ समन्वय, प्रकरणों की रिपोर्टिंग, प्रभावित बालिकाओं के संरक्षण तक उनकी भूमिका को स्पष्ट और प्रभावी बनाना है।

अवधपुरी में पानी की टंकी के पास सीता बाई के घर में अलसुबह घुसा बाघ

आंखों देखी: सुबह आंगन में झाड़ू लगा रही महिला को दो कदम दूरी पर दिखा बाघ

परिजनों में मची भगदड़, शहर की कॉलोनियों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मैं सुबह 6 बजे अपने घर के आंगन में झाड़ू लगाने निकली थी। सब शांत था, तभी अचानक हमारा कुत्ता जोर-जोर से भोंकने लगा। मुझे लगा कोई आम जानवर होगा, लेकिन जैसे ही मैंने मुडक़र देखा तो एक शेर (बाघ) घर के आगे वाले दरवाजे से अंदर दाखिल हो चुका था। वह कुत्ते को खदेड़ते हुए सीधे पीछे वाले दरवाजे की तरफ लपका। शुरुआत में जब वह थोड़ा दूर था तो आंखों पर यकीन ही नहीं हुआ, लेकिन जैसे ही वह भागते हुए मेरे महज दो कदम दूर आ पहुंचा, मेरे तो होश उड़ गए, अरे बाप रे, यह तो सचमुच का शेर है। मेरे तो रोंगटे खड़े हो गए। वह तेजी से पीछे के दरवाजे से निकला और रेलवे पटरी की तरफ भाग गया। समझो आज भगवान का ही सहारा था, वरना पता नहीं मेरा क्या होता। यह दिल दहला देने वाली आपबीती है शहर के अवधपुरी पानी की टंकी के पास की रहने वाली सीता बाई की। मंगलवार की अलसुबह उनके घर के आंगन में झाड़ू लगाते समय जो खौफनाक मंजर देखने को मिला, उसने न सिर्फ उनके पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया, बल्कि पूरे शहर में सनसनी फैला दी है।

उठो-उठो! घर में शेर आ गया

सीता बाई ने कांपती आवाज में उस खौफनाक पल को याद करते हुए बताया शेर जैसे ही कुत्ते के पीछे लपककर घर के पीछे बनी रेलवे पटरी की ओर भागा, मैंने बदहवास होकर घर के अंदर सो रहे अपने पति को आवाज लगाई उठो रे उठो, शेर आया है। मेरी चीख-पुकार सुनते ही घर में सो रहे सभी लोग हड़बड़ाकर उठे और अंदर ही भगदड़ मच गई। कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले ही बाघ पटरी के किनारे-किनारे ओझल हो चुका था।

चिड़ियाघर में देखा था शेर

सीता बाई ने बताया इससे पहले तो शेर सिर्फ चिडिय़ाघर में ही देखा था, लेकिन आज जब असल जिंदगी में मौत महज दो कदम की दूरी से गुजर गई, तब समझ आया कि असली डर क्या होता है। भगवान का धन्यवाद है कि आज मेरी और मेरे परिवार की जान बच गई।

खेतों में मिले बैठने और पंजों के निशान

सीता बाई के घर से निकलने के बाद बाघ रेलवे पटरी के किनारे-किनारे आगे बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 6.30 बजे मुरली इलाके के रहने वाले सुमेर सिंह, मनीष और सतीश परमार ने भी इस बाघ को बस्तियों के आसपास बेझिझक घूमते हुए देखा था। जैसे ही यह खबर फैली कि बाघ शहर के बीचों-बीच घूम रहा है, मुरली, अवधपुरी, जमोनिया, शीतल विहार और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हडक़ंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम लाठी-डंडों, जाली और सुरक्षा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। वनकर्मियों ने जब अवधपुरी और आसपास के इलाकों में पड़ताल की तो सुनेर भाई के खेत में बाघ के स्पष्ट पगचिह्न और उसके घास पर बैठने के साक्ष्य मिले।

5 दिनों में तीसरी बार शहर में दस्तक

जिला मुख्यालय और आसपास के रिहायशी इलाकों में पिछले एक हफ्ते से बाघ का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। 5 दिन पहले शहर के पास स्थित जहांगीरपुरा गांव में बाघ की हलचल देखी गई थी। 3 दिन पहले शहर के पास दशहरा बाग इलाके में बाघ ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार सुबह बाघ तमाम सीमाओं को लांघते हुए सीधे शहर के घने रिहायशी इलाके अवधपुरी और मंडी तक आ पहुंचा।

वन विभाग की अपील

- सुबह की सैर और देर शाम बिना किसी जरूरी काम के घर से बाहर निकलने से बचें।
- छोटे बच्चों को अकेले घर के बाहर या मैदानों में खेलने न भेजें।
- यदि बाघ या कोई भी हिंसक जानवर आसपास दिखाई दे तो उस पर पथराव न करें और न ही पास जाएं, तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

वन विभाग का कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी

शहर की घनी आबादी के बीच बाघ की इस तरह खुलेआम एंट्री से प्रशासनिक अमला भी अलर्ट मोड पर आ गया है। वन विभाग की विशेष टीमें फिलहाल मुरली, जमोनिया, शीतल विहार और अवधपुरी के पीछे के झाडिय़ों में सर्चिंग अभियान चला रही हैं, ताकि बाघ की लोकेशन ट्रेस कर उसे सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर खदेड़ा जा सके।

सोशल मीडिया के सही उपयोग की मिसाल बनी टीम संडे का सुकून

पीड़ित दुकानदारों को सौंपे 1 लाख 40 हजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आज के दौर में सोशल मीडिया का उपयोग हर कोई कर रहा है। अक्सर लोग घंटों रील्स और टाइमपास में अपना कीमती समय बर्बाद कर देते हैं, लेकिन यदि इसी तकनीक का सही नीयत और सकारात्मक दिशा में इस्तेमाल किया जाए तो यह किसी गिरते हुए इंसान को संबल देने का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है। इसकी एक अद्भुत मिसाल सीहोर शहर में देखने को मिली, जहां सोशल मीडिया के जरिए पीड़ित व्यापारी को फिर से खड़े होने का हौसला मिला।
बता दें शहर के मण्डी चौराहे पर युवा व्यवसायी नीतिन साहू, शैलेंद्र शिवहरे की एनके इंटरप्राइजेज नाम से जूते-चप्पल की दुकान है। इस दुकान में शुक्रवार-शनिवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। इस आगजनी में दुकान में रखा पूरा माल राख के ढेर में तब्दील हो गया। दोनों व्यवसायी परेशान और हताश हो गए। इस आगजनी ने दोनों युवा व्यापारियों का सब कुछ छीन लिया। जब उम्मीद के सारे दिए बुझ चुके थे, तब सीहोर के लोगों ने इंसानियत की जो मिसाल पेश की, वह किसी सपने से कम नहीं थी। सामाजिक संगठन टीम संडे का सुकून की एक पहल ने साबित कर दिया कि नीयत साफ हो तो ईश्वर भी मदद के रास्ते खोल देता है।

एक फेसबुक पोस्ट और जाग उठी शहर की चेतना

रविवार सुबह करीब 8.25 बजे टीम के सदस्य अंकुर राठौर ने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट लिखी। रील्स में समय बिताने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का यह ऐसा सदुपयोग था, जिसने शहर की चेतना जगा दी। उन्होंने शहरवासियों से केवल 500-500 रुपये के योगदान का आग्रह किया। अपील के महज 5 मिनट बाद मदद का पहला हाथ बढ़ा और सिर्फ 8 घंटे में 66 हजार 800 रुपये एकत्रित हो गए।

देश-विदेश से 100 से अधिक मददगार

सोशल मीडिया की ताकत से यह कारवां सीहोर तक सीमित नहीं रहा। डॉक्टर, शिक्षक, व्यापारी और जनप्रतिनिधियों से लेकर दिल्ली व उत्तर प्रदेश तक से सहयोग मिला। यहां तक कि सिंगापुर में रह रहे एक प्रवासी भारतीय ने फेसबुक पर खबर देख तुरंत मदद भेजी। करीब 100 लोगों व टीम सदस्यों के प्रयास से कुल 1 लाख 40 हजार रुपये जुटाए गए, जिसे मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर में पीड़ित व्यापारियों को सौंपा गया।

विपत्ति में बीमा सच्चा साथी

सहयोग राशि भेंट करते हुए टीम सदस्यों ने कहा कि यह मदद भले ही पूरे नुकसान की भरपाई न करेए पर पीड़ितों को यह अहसास कराती है कि शहर उनके साथ है। इसके साथ ही टीम ने सभी व्यापारियों से अपील की कि दुकान चाहे छोटी हो या बड़ी, उसका बीमा जरूर करवाएं ताकि भविष्य में किसी अनहोनी के समय आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

हस्त नक्षत्र में शनिश्चरी सर्व पितृमोक्ष अमावस्या का बन रहा दुर्लभ सयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नवग्रह में भगवान शनिदेव को अपने इष्ट देव भगवान शंकर से आशीर्वाद प्राप्ति में न्यायधीश का दायित्व मिला है। इसलिए न्यायधीश शनिदेव कर्मफल दाता है। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार इस बार पितृपक्ष में दुर्लभ संयोग बन रहा है इस वर्ष शनिवार 10 अक्टूबर को हस्त नक्षत्र में शनिश्चरी सर्व पितृमोक्ष अमावस्या रहेगी। जिलेभर में मां नर्मदा, मां पार्वती व सिवन घाट पर श्रद्धा उत्साह के साथ श्रद्धालु स्नान दान एवं पूजा अर्चना कर शनिश्चरी पितृ मोक्ष अमावस्या मनाएंगे। साढेसाती वाले जातको को शनिश्चरी अमावस्या पर शिवशक्ति, हनुमानजी और शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना लाभप्रद है। भगवान शनि मंत्र जाप, हवन पूजन,छायादान करना चाहिये और सरसोतेल, तिलतेल से अभिषेक कर कालीउड़द, कालेतिल,काला कपड़ा, इमरती, नीले फूल भेंट करना चाहिये। गरीब जरूरतमंदो को अन्न, वस्त्र, छाता, देना चाहिये। पीपल व शमी वृक्ष के पास दीपक लगाना चाहिये और रुद्राभिषेक, हनुमान चालीसा, शनि चालीसा, दशरथ कृत शनि स्तोत्र का पाठ करना चाहिये। ऋषि-मुनियों द्वारा रचित धार्मिक ग्रंथों के अनुसार प्रत्येक मनुष्य पर तीन मुख्य ऋण देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण बताए गए हैं। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार इन तीनों ऋणों से मुक्ति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर पितृपक्ष श्राद्ध पक्ष वर्तमान में चल रहा है। हम अपने पूर्वजों की तिथि अनुसार उनका पितृपक्ष में श्राद्ध तर्पण करते हैं और जिन पितरों की हमें तिथि ज्ञात नहीं होती है उनका हम श्राद्ध तर्पण पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन करते हैं। गरुण पुराण के अनुसार पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज सूक्ष्म रूप में पृथ्वी लोक पर निवास करते हैं और वंशजों द्वारा अर्पित जल, अन्न और श्रद्धा ग्रहण कर उन्हें सुख, शांति व समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार पितृपक्ष की इस अवधि में श्रद्धालु मां नर्मदा, पार्वती तट, सिवन घाट सहित जिले में प्रवाहमान नदियों पर व अपने घर पर व्यवस्था अनुसार पितरों को जो, तिल, कुशा के माध्यम से जल अर्पित कर तर्पण करते हैं और उनके निमित्त ब्राह्मण भोजन, अन्नदान, वस्त्रदान, गौसेवा और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना करना चाहिए। पूर्वजों की आत्मा की शांति और सद्गति के लिए श्रीमद्भागवत कथा पितृ भागवत व पितृ सूक्त का पाठ करवाना चाहिए। पितरों की स्मृति में पीपल, बरगद व फलदार पौधों का रोपण व दीपक लगाना चाहिए।

सेवा संकल्प अभियान: नपा में लगा नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवा को समर्पित भाव के साथ नगर पालिका परिषद में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर के दौरान 300 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई, वहीं जांच के उपरांत 14 लोगों को चश्मों का वितरण किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा नागरिकों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। नगर पालिका द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को उनके घर के समीप स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा नेत्र संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान एवं उपचार के लिए जागरूक करना रहा।
नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका केवल शहर के विकास और निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों की सेवा और उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि नगर के जरूरतमंद और आम नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हमारा संकल्प है। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर ऐसे जनहितैषी शिविर एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी। आज 300 से अधिक नागरिकों की नेत्र जांच होना और जरूरतमंद 14 लोगों को चश्मे उपलब्ध कराना इस बात को दर्शाता है कि ऐसे शिविर आमजन के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत और विकसित शहर की नींव होते हैं।
कार्यक्रम के दौरान पार्षद विजेंद्र परमार, संतोष शाक्य, कमलेश राठौर, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

शहर के आवासीय खेलकूद परिसर में आरएसआई इंटर स्कूल प्रतियोगिता

सीहोर। शहर के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद परिसर में आरएसआई के तत्वाधान में इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस मौके पर दो मैच खेले गए। इसमें पहला मुकाबला भैरुंदा ने आईईएस रेड को सात विकेट और दूसरे मैच में सेंट मेरी ने नवीन विद्या भारती को 113 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मौके पर कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंगलवार को खेले गए पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी आईईएस रेड की टीम ने 18 ओवर में 10 विकेट खोकर 107 रन बनाए थे। इसमें अंश ने 43 रन, अराव मसीह ने 16 रन और संजीत ने 12 रन की पारी खेली। वहीं भैरुंदा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिमन्यु मीना ने 3 विकेट, राजवीर ने 2 विकेट और अर्शलाल, रोनक प्रजापति और रौनक शर्मा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

नेत्र रोगियों को अब जिला अस्पताल में मिलेगा उपचार

विधायक राय ने किया नेत्र परामर्श शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को नेत्र परामर्श शिविर का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल में रोगियों की आंखों की जांच की गई। मरीज और परिजनों को डॉक्टर के द्वारा जरूरी परामर्श दिया गया। लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा सरकार आपके द्वारा जन सेवा कल्याण के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अस्पताल में आयोजित नेत्र परामर्श शिविर में विधायक सुदेश राय मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन यूके श्रीवास्तव और विभिन्न डॉक्टर ने विधायक सुदेश राय का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों के इलाज के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है अब मरीजों की 12 महीने 365 दिन आंखों की जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन भी होंगे और मरीजों को चश्मा भी मिलेंगे। नेत्र परामर्श शिविर में पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों से विधायक सुदेश राय ने जिला अस्पताल में मिल रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली और नेत्र विभाग में पहुंचने वाले सभी मरीजों को सर्वोत्तम उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

स्वस्थ भविष्य के लिए जैविक खेती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कृषि भूमि को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढिय़ों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए किसानों को रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से बचते हुए जैविक खेती को अपनाना चाहिए। जैविक खेती से न केवल भूमि की भौतिक एवं जैविक संरचना में सुधार होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी लंबे समय तक बनी रहती है। यह बात पुष्कल एग्रोटेक ग्रुप की ओर से कृषि अधिकारी वीर सिंह मालवीय एवं भूपेंद्र शिल्पी ने ग्राम पचपिपलिया में आयोजित किसान संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि में उत्पादन बढ़ाने तथा फसलों को कीटों से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों एवं दवाइयों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। इसके दुष्प्रभावों को देखते हुए किसानों को पारंपरिक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की ओर लौटने की आवश्यकता है। साथ ही गौवंश एवं प्रकृति के संरक्षण को भी खेती का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना होगा। किसान संगोष्ठी में क्षेत्रीय अधिकारी मयंक वैष्णव ने किसानों को जैविक खेती के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि रासायनिक खाद एवं उर्वरकों के लगातार प्रयोग से भूमि की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होती है। इसके विपरीत जैविक खाद एवं जैविक दवाइयों के प्रयोग से मिट्टी में लाभकारी जीवाणुओं और किसान-मित्र कीटों की संख्या बढ़ती है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन क्षमता में सुधार होता है। उन्होंने किसानों से कम लागत में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। पुष्कल एग्रोटेक ग्रुप द्वारा किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से गांव-गांव किसान संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पचपिपलिया में आयोजित कार्यक्रम में किसानों ने जैविक खेती के महत्व को समझा और भविष्य में अपने खेत के कुछ रकबे में जैविक खेती करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्कल एग्रोटेक ग्रुप के अधिकारी धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं ओमप्रकाश त्यागी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खबर संक्षेप

भीलवाड़ा में पुलक मंच को मिला राष्ट्रीय सम्मान

आष्टा। मनोज्ञाचार्य भारत गौरव पूज्य गुरुदेव श्री 108 पुलक सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में भीलवाड़ा, राजस्थान में आयोजित पुलक मंच परिवार भारत के 29वें राष्ट्रीय अधिवेशन में आष्टा शाखा को वृक्षारोपण पर्यावरण प्रभावना सम्मान से सम्मानित किया। उक्त सम्मान पूज्य गुरुदेव के कर-कमलों से शाखा के पदाधिकारियों को प्रदान किया। मंच के प्रमुख गोपी सेठी व मनीष पोरवाल ने बताया कि आष्टा शाखा द्वारा वर्ष भर में किए गए हजारों वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता के कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। उक्त अधिवेशन में आष्टा नगर के मनीष जैन पोरवाल को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। यह चयन आष्टा सहित सम्पूर्ण मालवा क्षेत्र के लिए हर्ष और गौरव का विषय हैसाथ ही आष्टा शाखा से मनोज सेठी गोपी को जोन 3 से क्षेत्रीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष नियुक्त किया। जिसमे मालवा क्षेत्र की 72 शाखाओ का नेतृत्व अब गोपी जी सेठी करेंगे वही महिला जाग्रति मंच की खुशी कासलीवाल को महिला विंग में जोन-3 की प्रवक्ता के दायित्व सोपा गया। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए समस्त पुलक जनों को धर्म प्रभावना और संगठन विस्तार का संदेश दिया। पवन जैन, सुरेन्द्र जैन, कैलाश जैन, संदीप जैन पोरवाल, संतोष जैन भवरा, राजेश, अंजू जैन, मनीष, रानी बडजात्या आदि को बधाई दी।

महिला प्रोफेसरों ने प्राचार्य से की बाबू द्वारा उत्पीड़न की शिकायत

शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रोफेसरों को ही थमाया नोटिस और चेतावनी पत्र

शासकीय महाविद्यालय रेहटी का मामला, दो महिला प्रोफेसरों के साथ कॉलेज में बाबू ने की अभद्रता, दी वेतन नहीं बनाने की धमकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



रेहटी स्थित शिक्षा का मंदिर शासकीय महाविद्यालय इस समय प्राचार्य एवं प्रोफेसरों के बीच जंग का अखाड़ा बना हुआ है। दरअसल महाविद्यालय में सुजित राठौर सहायक ग्रेड-3 (बाबू) द्वारा महिला प्रोफेसरों से दुव्यर्वहार करने, उन्हें पीड़ित करने एवं उन्हें वेतन नहीं बनाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना से आहत महिला प्रोफेसरों ने जब बाबू की शिकायत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज राठौर से की तो प्राचार्य ने बाबू सुजित राठौर पर कार्रवाई करने के बजाए महिला प्रोफेसरों को ही नोटिस थमा दिए। इसके बाद एक अन्य चेतावनी पत्र भी दिया गया, जिसमें महिला प्रोफेसरों पर एकतरफ कार्रवाई करते हुए फालन आउट करने की बात कही गई है। महाविद्यालय में बाबू द्वारा महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिला प्रोफेसरों ने अब इस मामले की शिकायत राज्यपाल, महिला आयोग, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला कलेक्टर सहित कॉलेज की महिला उत्पीड़न समिति को भी की है। मामले में जांच समिति गठित की गई है।

अतिथि विद्वानों के भरोसे अध्यापन कार्य

कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने, उन्हें सुरक्षा देने की लगातार कोशिशें हो रही हैं, महिला सशक्तीकरण को लेकर भी बातें हो रही हैं, लेकिन ऐसा मामला महाविद्यालय में आना बेहद शर्मनाक एवं चिंता का विषय भी है। महिलाओं को सुरक्षा देने की बात सुप्रीम कोर्ट तक कह रहा है, लेकिन रेहटी स्थित शासकीय महाविद्यालय में इसकी कोई परवाह नहीं है। दरअसल रेहटी के शासकीय महाविद्यालय में बड़ी संख्या में अध्यापन कार्य के लिए महिला अतिथि विद्वान पदस्थ हैं। इन अतिथि विद्वानों के भरोसे ही कॉलेज में अध्ययन कर रहे करीब 1200 से अधिक बच्चों का भविष्य है, लेकिन इस समय महिला प्रोफेसर ही महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न की शिकार हो रही हैं। ऐसे में प्राचार्य द्वारा कार्रवाई नहीं करके उन्हें नोटिस एवं चेतावनी पत्र देना बेहद गंभीर घटना है।

शिकायत पत्र की नहीं दी पावती

महाविद्यालय में सहायक ग्रेड-3 सुजित राठौर द्वारा महिला प्रोफेसरों के साथ अभद्रता एवं दुव्यर्वहार की शिकायत 12 सितंबर एवं 24 सितंबर 2026 को अलग-अलग की गई। महिला प्रोफेसरों ने इसकी लिखित में शिकायत की एवं शिकायती पत्र आवक-जावक में दिया तो उन्हें इसकी पावती नहीं दी गई एवं आवेदन को ही अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद महिला प्रोफेसरों ने आवेदन की कॉपी ई-मेल के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी। आवेदन में सहायक ग्रेड-3 सुजित राठौर पर आरोप लगाए गए हैं कि उनका आचरण एवं कृत्य कार्यस्थल नियमों तथा शासकीय सेवा नियमों के विपरीत है।

जांच समिति ने की पूछताछ

इस मामले की उच्च स्तर पर शिकायत के बाद एक जांच समिति गठित की गई है, जिसमें शासकीय महाविद्यालय भैरूंदा, शासकीय महाविद्यालय बुधनी एवं शासकीय महाविद्यालय बकतरा के प्राचार्य को शामिल किया गया है। जांच समिति ने गत दिवस रेहटी महाविद्यालय पहुंचकर महिला प्रोफेसरों सहित अन्य स्टॉफ से पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि जांच समिति ने भी सहायक ग्रेड-3 के आचरण को बेहद गंभीर माना है। जांच समिति को महिला प्रोफेसरों ने पूरी स्थिति से अवगत कराया है। अब जांच समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेगी।

मामले में आपत्ति ली है

महाविद्यालय में 30 जून को तत्कालीन प्राचार्य के सेवानिवृत्ति के बाद मुझे प्रभार सौंपा गया है। यहां पर कई वर्षों से वेतन गलत तरीके से निकल रहा था। कई डाक्यूमेंट्स भी नहीं हैं। मैंने इस पर आपत्ति ली है। महिला प्रोफेसरों द्वारा मेरी बिना अनुमति के शिकायत की गई है। उन्हें नोटिस एवं चेतावनी पत्र जारी किए हैं।

मनोज राठौर, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय रेहटी

सोशल ग्रुप ने लहराया धरमपुर में अपना परचम

वरघोड़े में जीता प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की 16वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन गुजरात के धरमपुर तीर्थ में किया गया। कॉन्फ्रेंस के प्रमुख आकर्षण भव्य वरघोड़े में आष्टा जैन सोशल ग्रुप ने अपनी अभिनव एवं संदेशपरक प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर आष्टा का गौरव बढ़ाया।आष्टा ग्रुप द्वारा मिस्र की ममी की अनूठी प्रस्तुति के माध्यम से "जागो जैन, जागो" का प्रभावशाली संदेश दिया गया। ममी को जगाने की इस रचनात्मक प्रस्तुति ने पूरे वरघोड़े में विशेष आकर्षण पैदा किया और दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

आष्टा ग्रुप की प्रस्तुति की मुख्य सूत्रधार ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष डॉ दीपा सुराणा रही। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कोठारी द्वारा आष्टा ग्रुप के अध्यक्ष अक्षय-सलोनी चतरमुथा को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51,000 की राशि एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। अखिल भारतीय जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतर्गत भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों में 125 से अधिक ग्रुप सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देशभर के विभिन्न ग्रुपों का व्यापक समागम होता है, जिसमें परिचय, विचार-विमर्श के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अवार्ड समारोह आयोजित किए जाते हैं।आष्टा ग्रुप अक्षय सलोनी चतरमुथा के नेतृत्व में पूर्व अध्यक्ष अभिषेक-डॉ. दीपा सुराणा, अमरदीप-नेहा कोचर, प्रवीण-जया वोहरा , अमित-पूर्णिमा रूणवाल , विनोद-सारिका वोहरा, राहुल-महिमा सुराणा, नरेंद्र-सीमा चतरमुथा, सुमित-नेहा कोठारी, जय-रिमझिम वोहरा, प्रफुल-तमन्ना चोरड़िया आदि सदस्यों ने सहभागिता की। धरमपुर तीर्थ श्रीमद् राजचंद्र मिशन ज्ञान, ध्यान और निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से आंतरिक परिवर्तन का संदेश देने वाला आध्यात्मिक आंदोलन है। पूज्य गुरुदेवश्री राकेशजी द्वारा स्थापित यह संस्था छह महाद्वीपों में 142 केंद्रों के माध्यम से कार्यरत है।

सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सीहोर में मासिक जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अब तक संपन्न हुए कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही वर्तमान में जारी कार्यक्रमों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने सेवा संकल्प अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रमुखों से कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 'सेवा ज्योति यात्रा' को लेकर भी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि यह यात्रा भव्य रूप से आयोजित की जाएगी। इसमें अधिक से अधिक युवा कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। संगठन के जिला प्रभारी विकास विरानी ने बैठक में पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों को बेहतर एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी के साथ आंगन मिलन कार्यक्रम के बारे में भी उनके द्वारा चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अनकही कहानी कार्यक्रम के जरिए सभी लाभार्थियों के अनुभव साझा करने हेतु निर्देश दिए। जिला टोली के संयोजक रवि मालवीय ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने आंकड़ों के साथ कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी रखते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनाई गई कार्ययोजना एवं रणनीति भी सभी पदाधिकारियों के समक्ष रखी। आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम को लेकर उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कम से कम एक सेवा कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं सेवा संकल्प अभियान टोली के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दलितों की अहस्थांतरणीय पट्टे की भूमि पर कब्जा मिला तो चोरी से रात्रि में आरोपियों ने चलाया ट्रैक्टर, गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अजा के दलित कृषगण कैलाश, राजाराम, जीवन पिता फकीरचंद मालवीय, महेश पिता नन्दकिशोर कृषकगण ग्राम फूल मोगरा थाना मण्डी वर्तमान निवास स्वदेश नगर, सीहोर की अस्थांतरणीय शासकीय पट्टे की भूमि पर आवेदकगणों को तहसीलदार के निर्देश पर आरआई पटवारी पुलिस दल द्वारा ग्राम फूलमोगरा मौके पर पहुंचकर धारा 250 के प्रकरण में आवेदकगणों के पक्ष में आदेश होने पर कब्जा दिलाया गया। इसके पश्चात अनावेदकगण दबंग फरियादी सलीम बैग, फरिदा कु रैशी द्वारा चोरी-चोरी रात्रि में अवैध तरिके से ट्रेक्टर चलाकर बख्खर फैरने को लेकर पीड़ित दलितों में आक्रोष उत्पन्न हो गया। जिसे लेकर दलित समाज के लोग धरने को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुचें और अतिरिक्त कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना, अनुविभागीय अधिकारी तनमय वर्मा, तहसीलदार आकाश महंत, धनजी मालवीय को एवं अपनी पीड़ा से जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर गिरफ्तारी की मांग की। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन को गंभीरता पूर्वक लेते हुए धरना प्रदर्शन कारी महिला पुरुषों को समझाईश दी गई कि शासन ने आपको मौके पर कब्जा दिला दिया गया है। अब आप जाकर बौनी करें। अगर इस बीच अनावदेकगण बौनी में कोई रूकावट पैदा करते हैं तो शासन को अवगत कराईये। उनके विरूद्ध सिविल जैल की एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम की धारा एवं आवेदकगणों द्वारा बनाई गई कूट रचित नकली रजिस्ट्री विक्रय पत्र को जब्त कर धारा 420 व अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जैल भेजा जावेगा। मौके पर दलितों को बौनी के मौखित निर्देश दिये जाने पर दलित लोग बौनी करने की तैयारी में जुटेगें। अगर किसी भी प्रकार की कोई अनावेदकगणों द्वारा रूकावट पैदा की जाती है तो एसडीएम कार्यालय सीहोर के समक्ष प्रस्तावित धरना प्रदर्शन किया जावेगा, जिसकी सारी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दलित नेता नरेन्द्र खंगराले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, प्रदेश सचिव म.प्र.महिला कांग्रेस, पूर्व सरपंच ग्राम फूल मोगरा नन्दकिशोर मालवीय, कैलाश मालवीय, राजाराम मालवीय, जीवन मालवीय, महेश मालवीय, ललता लोधी, सुनीता बाई, जमना बाई, रामप्यारी बाई, शारदा बाई, पिंकी मालवीय आदि दलित के महिला पुरुष भारी संख्या में उपस्थित थे।

जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपादित कराने के उद्देश्य से जनगणना के द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, दायित्वों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य के विभिन्न चरणों, अभिलेखों के संधारण, निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी दर्ज करने तथा प्राप्त जानकारी की शुद्धता सुनिश्चित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कार्य के दौरान आने वाली संभावित कठिनाइयों एवं उनके निराकरण के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने जनगणना कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने पर जोर दिया। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य में संलग्न अमले को पूरी तरह दक्ष बनाना तथा जिले में जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना है। प्रशिक्षण में जिला योजना अधिकारी श्री संजय लक्केवार, जिला एसआईसी अधिकारी श्री अनिल परमार तथा जिले की जनगणना के लिये नियुक्त नोडल सुश्री यशस्वी, सुश्री अनामिका यादव ने प्रशिक्षण दिया।

महिलाओं को मिल रहा विशेषज्ञ उपचार का लाभ

सीहोर। अटल अस्पताल में आयोजित तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सकों का परामर्श, उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर का आयोजन 5, 6, 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। बच्चेदानी का बाहर आना, बच्चेदानी या अंडाशय में गांठ, अत्यधिक या अनियमित मासिक धर्म, लंबे समय से दवाइयां लेने के बावजूद आराम नहीं मिलने तथा पेशाब से संबंधित समस्याओं सहित अन्य स्त्री रोग संबंधी समस्याओं की जांच और परामर्श दिया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित



सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 54 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, डिप्टी कलेक्टर गिरीराज परिहार सहित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में महाविद्यालय की समितियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की वित्त समिति, प्रबंध समिति तथा सामान्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, व्यवस्थाओं तथा वित्तीय कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आय-व्यय की जानकारी लेते हुए उपलब्ध बजट का समुचित एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टरबालागुरू के. ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय के छात्राओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के लिए प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छात्राओं की सुविधाओं और शिक्षा से जुड़ी आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि वे बेहतर शैक्षणिक माहौल में अध्ययन कर सकें। कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए श्रमदान की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का वातावरण सकारात्मक, स्वच्छ और शैक्षणिक परिवेश के अनुकूल होना चाहिए। इसके लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं महाविद्यालय के स्टाफ की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा समय-समय पर रचनात्मक एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कलका डोलस ने कॉलेज की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में लखन लाल कलेशरिया, गजराज सिंह वर्मा, लखनलाल बामनिया सहित समिति के सदस्य एवं पूर्व छात्र उपस्थित थे।

उपभोक्ता अधिकारों से लेकर साइबर फ्रॉड को लेकर किया जागरूक

न्यायाधीश पूजा खनूजा ने बताए बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय महाविद्यालय, भैरूंदा के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके उपभोक्ता अधिकारों के साथ-साथ बढ़ते साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शिवानी श्रवण द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जिला उपभोक्ता फोरम की माननीय न्यायाधीश श्रीमती पूजा खनूजा रहीं। अपने संबोधन में न्यायाधीश पूजा खनूजा ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता संरक्षण कानून एवं शिकायत दर्ज कराने की कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर सकता है। साथ ही उन्होंने साइबर अपराधों और ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों को लेकर विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने ओटीपी, पासवर्ड, बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने तथा संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन ऑफर से सावधान रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कु. सीमा सिंह, अलोका शर्मा, प्रियंका मिश्रा, शिवप्रसाद दलोदारिया, मनीष राठौर, मनोहर शर्मा एवं रामकृष्ण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बदलते डिजिटल परिवेश में सावधानी और जागरूकता के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत श्री अक्षय पंवार एवं डॉ. भारत सिंह रैकवाल ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सोयाबीन भावांतर पंजीयन, मुख्यमंत्री जन विश्वास व सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय में निराकरण नहीं होने व लंबित शिकायतों पर 2-2 हजार रुपए जुर्माने के निर्देश

छापीहेड़ा व संडावता पर कलेक्टर की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान तहसीलदार छापीहेड़ा एवं नायब तहसीलदार संडावता से संबंधित शिकायतें समय-सीमा बाह्य पाए जाने पर दोनों पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-अटेंडेंस एवं सार्थक ऐप पर दर्ज उपस्थिति की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की नियमित निगरानी की जाए तथा ई-अटेंडेंस व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

भावांतर पंजीयन में किसानों को मिले आवश्यक जानकारी और सुविधा

▶▶ बैठक में 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किए जा रहे सोयाबीन भावांतर पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मंडियों में किसानों एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर भावांतर योजना के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दें। उन्होंने पात्र किसानों के पंजीयन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

▶▶ **आरटीई की जानकारी लंबित रखने पर कारण बताओ नोटिस के निर्देश**
शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला परियोजना अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में वर्ष 2024-25 की आरटीई संबंधी जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर डीपीसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

▶▶ **मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा**
कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान की विस्तार से समीक्षा करते हुए अब तक की गई गतिविधियों एवं विभागीय प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों अभियानों के माध्यम से शासन की योजनाओं, सेवाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए।

▶▶ **निर्वाचन संबंधी कार्यों में तत्परता के निर्देश**
कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

▶▶ **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व अधिकारियों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली**
बैठक के अंत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व सभी जिलाधिकारियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के उद्देश्य एवं निर्धारित गतिविधियों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई।

कोटवार संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

2 से विरोध जारी, 22 से काम बंद, 30 से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भिलाला के नेतृत्व में सोमवार को कोटवारों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार रणधीर मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों की मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। संघ ने कोटवारों को स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कोटवारों को योग्यता के अनुसार सहायक पटवारी, भृत्य, वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 एवं अन्य समकक्ष पदों पर पदोन्नति का लाभ देने की मांग की। साथ ही भविष्य की भर्तियों में कोटवारों को आरक्षण देने की मांग रखी। ज्ञापन में सेवा भूमि का स्वामित्व पुनः कोटवारों के नाम दर्ज करने, भूमिधारी कोटवारों को भी प्रतिवर्ष 500 रुपए मानदेय वृद्धि देने, सीयूजी सिम उपलब्ध कराने तथा वर्दी की राशि पूर्व की तरह सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा कराने की मांग की गई। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी आदेश निरस्त करने, मृतक कोटवार के परिवार को 10 लाख रुपए अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति राशि 5 लाख रुपए करने की मांग भी रखी गई।

संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर 2 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा। 22 अक्टूबर से जिला स्तर पर धरना और काम बंद आंदोलन तथा 30 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। यापन देने वालों में रंगलाल वर्मा, मनीष भिलाला, देवकरण बागरी, राधेश्याम नागर, भगीरथ वर्मा, राजेश भिलाला सहित कोटवार मौजूद थे।

माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं उत्साहित

कन्या कबड्डी टीम को समाजसेवियों ने दी टी-शर्ट



अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर के समाजसेवी अरविन्द गुप्ता एवं नीरज सोनी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर की कबड्डी टीम की छात्राओं को टी-शर्ट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने छात्राओं को खेलों में निरंतर आगे बढ़ने तथा अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। टी-शर्ट मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया।

विद्यालय परिवार ने अरविन्द गुप्ता एवं नीरज सोनी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम नागरिकों द्वारा शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने से उनका मनोबल बढ़ता है। इस तरह की पहल अन्य सामाजिक संगठनों और नागरिकों को भी छात्रहित में सहयोग के लिए प्रेरित करती है।विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी शिक्षा, खेल एवं छात्रहित के कार्यों में समाजसेवियों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

हेलमेट रैली में पुलिस ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश, हेलमेट पहनकर पहुंचे बाइक सवारों का पुलिस ने माला पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सड़क सुरक्षा और हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सारंगपुर-पचोर पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया। सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी एवं पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में स्कूली बच्चे हाथों में हेलमेट लेकर शामिल हुए और वाहन चालकों से 'हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं' का संदेश दिया। पचोर में आयोजित रैली में लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूली बच्चे, शिक्षक और थाना स्टाफ शामिल हुआ। वहीं सारंगपुर में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बच्चों ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस ने बताया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना के दौरान सिर को गंभीर चोट से बचाने और जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

बच्चों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की



चालान के डर से नहीं, परिवार के लिए पहनें हेलमेट

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पुलिस के डर या चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए पहनें। सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. आई. अंसारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना आदत के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी बनना चाहिए। बच्चों के माध्यम से यह संदेश घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

वाहन चालकों की हौसला अफजाई की गई

रैली के दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले 10 से अधिक बाइक सवारों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोककर माला पहनाकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ने वाहन चालकों की हौसला अफजाई की। पुलिस का उद्देश्य हेलमेट पहनने वालों को प्रोत्साहित करना और अन्य वाहन चालकों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर लायंस क्लब के डॉ. पीएस परमार, दिलीप सोनी, सचिव राकेश वर्मा सहित क्लब पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, बच्चे और थाना स्टाफ मौजूद रहा।

दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

विजयादशमी पर्व पर कॉलेज ग्राउंड में मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

विजयादशमी पर्व 20 अक्टूबर को सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप दशहरा उत्सव का आयोजन मंदसौर के कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। उत्सव की तैयारियों हेतु आवश्यक विचार विमर्श पर सुझावों हेतु दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति की एक बैठक प्रेम गार्डन के सभागार में संपन्न हुई जिसमें नगर के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमारा नगर एक उत्सव प्रिय नगर है और विगत लगभग 25 वर्षों में कॉलेज ग्राउंड पर



हो रहे दशहरा उत्सव की इस परंपरा ने आकाशीय ऊंचाइयां प्राप्त की है। सिसोदिया ने कहा कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी से चर्चा कर इस आयोजन के साथ शासकीय स्तर पर भी कोई सांस्कृतिक प्रसंग जोड़ने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा विगत दिनों भोपाल प्रवास के दौरान जो संकल्प व्यक्त किया गया कि 2029 तक मध्य प्रदेश को नशा मुक्त कर देंगे उसी तारतम्य में इस भव्य उत्सव में नशामुक्त भारत का भी संदेश दिया जाएगा। दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति के संयोजक ब्रजेश जोशी ने कहा कि दशहरा पर्व पर 1984 से नगर में रावण के पुतले जलाने की परंपरा जीवागंज से शुरू हुई जो कालांतर में कालाखेत हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान ओर विगत 25 वर्षों से कॉलेज मैदान में यह उत्सव मनाया जाता है। हालांकि दशहरा पर्व पर खानपुरा में रावण की पक्की प्रतिमा की पूजा ओर प्रतीकात्मक दहन की परम्परा आज भी कायम है।

70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता 2026 (बालक 14 वर्ष) का शुभारंभ मंगलवार को उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मदनलाल राठौर, सहसंयोजक खेल प्रकोष्ठ भाजपा मध्य प्रदेश शांतिलाल मालवीय, जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट मंचासीन रहे। सभी अतिथियों का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी घासीलाल जोगचंद ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय मंदसौर की छात्राओं द्वारा ह्यचक दे इंडियाह्न गीत पर दी गई। वहीं समितियों का गठन रूपरेखा उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य एवं प्रतियोगिता के संयोजक के.सी. सोलंकी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अशोक कुमार रत्नावत द्वारा किया गया।

नेशनल खिलाड़ी राम पाटीदार ने सभी खिलाड़ियों को सच्ची भावना के साथ खेल शपथ दिलाई गई। सांसद सुधीर गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद जी का उल्लेख करते हुए कहा कि जो बच्चे खेलों में होते हैं, उस देश को कोई गुलाम नहीं बना सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को खूब बढ़ावा दिया है, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया, वे चांद की रोशनी में हॉकी खेलते थे। उनके अंदर देश प्रेम, लगन और निष्ठा थी।जो खेल को ऊंचाइयों पर ले गई।

इसके बाद सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम से पूर्व टर्फ मैदान एम.आई.टी. चौराहा पर हॉकी प्रतियोगिता में 13-0 से उज्जैन संभाग, रीवा संभाग से लीग मैच में विजय हुआ। जबलपुर संभाग इंदौर संभाग से 1- 0 से लीग मैच में विजय हुआ। मार्च पास्ट सेंट थॉमस स्कूल मंदसौर के तत्वावधान में निकाला गया। अंत में आभार प्रदर्शन जिला क्रीड़ा अधिकारी घासीलाल जोगचंद द्वारा किया गया।

17 को निकालेंगे 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा, तैयारियां तेज

नवरात्रि पर आस्था का महासंगम, हिंदू उत्सव समिति निकालेगी चुनरी यात्रा

हिंदू उत्सव समिति ने पुष्पा पंवार को बनाया संयोजक मातृशक्ति को सौंपी कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर आस्था और भक्ति का माहौल बनने लगा है। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर रविवार शाम को मां मंशापूर्ण वैष्णो माता मंदिर परिसर में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा आगामी 17 अक्टूबर, शनिवार, सप्तमी के दिन निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



यात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई

बैठक में इस वर्ष की चुनरी यात्रा के लिए संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई। हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से -संयोजक श्रीमती पुष्पा पंवार, सह-संयोजक - श्रीमती तृप्ति शर्मा, श्रीमती वर्षा मंगल एवं श्रीमती मंजू आर्य को नियुक्त किया गया। समिति ने मातृशक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।

यह रहेगा यात्रा का मार्ग

हिउस अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि चुनरी यात्रा नगर के खेड़ापति शीतला माता मंदिर मातमंड से प्रारंभ होगी। जो पुराना सुठालिया रोड, साहू धर्मशाला, मेन मार्केट, जगात चौक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चैराहा होते हुए मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां मातारानी की भव्य आरती एवं पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा।बैठक में हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक, अध्यक्ष पवन शर्मा सहित नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

सेवा सेतु अभियानः नपा परिसर में 25 विभागों के स्टॉल लगाए

शिविर में मौके पर मिला योजनाओं का लाभ दफ्तरों के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। 'सरकार आपके द्वार' की तर्ज पर लगाए गए इस शिविर में करीब 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना और संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना और शासकीय सेवाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाना है।

17 अक्टूबर तक चलेगा अभियानः एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि सेवा सेतु अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत 25 तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के दौरान अब तक 650 से अधिक यूनिट रक्तदान भी किया जा चुका है।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का विशेष ध्यान रखने दिए निर्देश

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिले के सभी निर्माण विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें संबंधित विभागों को शीघ्र हैंडओवर किया जाए। हैंडओवर से पूर्व संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि निर्माण से जुड़े सभी आवश्यक कार्य पूर्ण हो चुके हों और भवन अथवा संरचना उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार हो। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान इंजीनियरों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान अन्य विभागों की संपत्ति को किसी भी स्थिति में क्षति न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने लगेंगे कैंप

सीहोर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 7, 8 व 9 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे हुए नागरिक तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले के छूटे हुए मतदाताओं एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

मेवाड़ा, राजपूत समाज आया सड़कों पर, किया चक्काजाम, 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

एसडीएम, एसडीओपी ने संभाला मोर्चा, 24 घंटे बीते, आज कार्रवाई कर सकती है पुलिस!

विश्राम को न्याय दिलाने सड़क पर उतरा मेवाड़ा गहलोत समाज, श्रद्धांजली देने वालों ने जमकर पुलिस को कोसा एवं मामले में लापरवाही के आरोप भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



छापरी निवासी विश्राम मेवाड़ा की संदिग्ध आत्महत्या मामले की गुत्थी 18 दिनों बाद भी नहीं सुलझने और दोषियों पर कार्यवाही नहीं होने से मेवाड़ा राजपूत समाज को सोमवार को सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर हुआ। पुरे मामले में जांच में लम्बा समय लेना उससे मेवाड़ा राजपूत गहलोत समाज में लगातार आक्रोश बड़ता गया, व मेवाड़ा राजपूत युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र मंडलोई के नेतृत्व में ज्ञापन, पुलिस से चर्चा एवं चेतावनी का सिलसिला लगातार चलता रहा। तीन दिन पहले भी चेतावनी दी गई थी की 5 अक्टूम्बर सोमवार को शांति मांच निकाला जाएगा, विश्राम मेवाड़ा के लिए श्रद्धांजलि सभा में समाज के अध्यक्ष रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि विश्राम के साथ मारपीट की गई एवं उसे आत्महत्या के लिए प्रताड़ति करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की यह बड़ी लापरवाही है। वही कांग्रेस नेता हरपाल ठाकुर ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस की जांच पर कई प्रकार के संदेह है, 18 दिन का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होना यह बड़ी दुख की बात है। पुलिस की जांच पूरी होने का नाम ही नहीं ले रही है। एसा लगता है कि पुलिस आरोपियों को बचाने में लगी हुई है।

निकाला शांति मार्च

स्थानीय कम्यूनिटी हाल में बड़ी तादात में उपस्थित हुए मेवाड़ा समाज के लोग श्रद्धांजली अर्पित करने के पश्चात हाथों में मोमबत्ती जला कर बसस्टेंड के सामने से हाते हुए गायत्री मंदिर से आगे बड़ते हुए महाराणा प्रताप चौराहा पहूंचे जहां विश्राम को न्याय दिलाने के लिए जमकर नारेबाजी की वहीं जब काफी देर तक धरने पर बैठे रहे और वरिष्ठ अधिकारियों के नहीं आने पर लोग आक्रोशित हो गए और उन्होने 10 मिनट के लिए रोड पर चक्का जाम कर दिया, जिससे तीन दिशा के वाहन के पहिये थमने लगे, लेकिन उसी समय एसडीएम महेन्द्र किरार, एसडीओपी दामोदर गुप्ता मौके पर पहूंच गए और चक्काजाम कर लोगो ने चक्काजाम स्वेच्छा से खोल दिया वहीं चौराहे पर लोगों ने दोनो सक्षम अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी।

48 घंटे के अंदर होगी कार्रवाई- एसडीओपी

केन्द्रीय युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र मंडलोई ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विश्राम के आत्महत्या किये हुए 18 दिन बीत गए और पुलिस केवल जांच के नाम पर समय लेती गई, यदि तीन दिन में पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो मुख्यमंत्री मोहन यादव के निवास का घेराव किया जाएगा, इस पर एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने कहा कि 48 घंटे के अंदर कार्यवाही होगी, हमारी 90 प्रतिशत तक जांच पूर्ण हो चुकी है। लेकिन सार्वजनिक स्थान पर अभी बताना उचित नहीं है। सभी बिन्दुओं पर जांच की चुकी है। एसे मामले में थोड़ा समय लगता है क्योंकि ठोस प्रमाण एकत्र करना पड़ता है ताकि न्याय हो सके।

योजना का लाभ दिलाएंगे-एसडीएम

विश्राम के परिवार को आर्थिक लाभ देने की बात पर एसडीएम महेन्द्र किरार ने कहा कि शासन की एसी कोई योजना नहीं है फिर भी शासन के नियमानुसार पात्र होगा तो परिवार को योजना का लाभ दिलाया जाएगा, हमारी ओर से भी बच्चों को आर्थिक मदद की जाएगी। श्री किरार ने आगे कहा कि विश्राम के साथ बहुत दुखद घटना हुई है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होगा।



शांतिमार्च में यह रहे उपस्थित

विश्राम मेवाड़ा आत्महत्या मामले में उसे न्याय दिलाने के लिए गेहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज केन्द्रीय युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मंडलोई, मेवाड़ा समाज के अध्यक्ष रायसिंह मेवाड़ा, महेश मूंदीखेड़ी, हरपाल ठाकुर, मेहरबान सिंह, महेन्द्र इंजीनियर, रघुवीर चौहान, अरविंद मेवाड़ा, प्रेम मेवाड़ा, राहूल, अखिलेश, देवजी पटेल, शैलेन्द्र मेवाड़ा, संदीप, मेहरबान सिंह छापरी, रमा मेवाड़ा, अनुसूईया मेवाड़ा, पुश्मा मेवाड़ा, केदार सिंह मेवाड़ा, राजेन्द्र मेवाड़ा, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, रमेश पटेल, विजेन्द्र पटेल, निलेश पटेल, कमल मेवाड़ा, जितेन्द्र शोभाखेड़ी, आशिक मंसूरी, जीवन मंडलोई, जीवन डूका, मनोहर सिंह मेवाड़ा, दशरथ सिंह राजपूत, श्रीमल मेवाड़ा, जटाल सिंह पटेल, अनारसिंह, नेपाल मूंदीखेड़ी, अनिल लोरास, रमेश मेवाड़ा, अरविन्द जताखेड़ा सहित बड़ी संख्या में मेवाड़ा समाज व अन्य समाज के सैकड़ों लोग श्रद्धांजली कार्यक्रम व शांतिमार्च में उपस्थित रहे।

भागवत कथा में वामन अवतार का किया वर्णन

आज लगाया जाएगा छप्पन भोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम लसुडिया परिहार में मंगलवार को भगवान के दिव्य अवतारों की कथाओं का वर्णन किया गया। कथा के चौथे दिवस कथा व्यास पंडित पंकज कृष्ण महाराज ने वामन अवतार का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान वामन ने तीन पग भूमि मांगकर असुरराज बलि को अहंकारमुक्त कर भक्ति का मार्ग दिखाया। भगवान धर्म की पुनः स्थापना के लिए धरती पर अवतरित होते हैं। इसके बाद उन्होंने श्रीराम जन्म प्रसंग सुनाया, जिसमें श्रीराम के जन्म को सत्य, मर्यादा और आदर्श का प्रतीक बताया। भगवान विष्णु के राम अवतार कृष्ण अवतार व वामन अवतार की लीला मंगलवार को कथा व्यास ने भगवान श्रीराम जन्म के अलावा भगवान श्री कृष्ण और वामन अवतार के बारे में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य का विजय के लिए ही भगवान का जन्म होता है।

भगवान विष्णु के राम अवतार कृष्ण अवतार व वामन अवतार की लीला के बारे में विस्तार पूर्वक श्रद्धालुओं को बताया कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने कहा कि मथुरा में राजा कंस के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह अवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए।

कथा का सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल में आनंद भयों जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की सहित अनेक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान कृष्ण व वासुदेव जी संजीव झांकी से श्रोताओं का मनमोह लिया। श्रोताओं ने भगवान का पूजन कर ने माखन मिश्री का भोग लगाया। इस मौके पर महिला पुरूषों ने नंदोत्सव पर जमकर नृत्य किया, भगवान कृष्ण के बालरूप की आरती उतार कर मिठाई, फल, फूल बांटकर उत्सव मनाया।

चौथे दिन ओएसडी एमएल त्यागी, चंद्रप्रकाश त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय गालवपूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा संघ, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, नवीन त्यागी, मोहन गोस्वामी, आयुष गुप्ता, प्रदीप त्यागी, प्रहलाद त्यागी, ब्रज मोहन त्यागी, सुगनलाल त्यागी आदि शामिल थे।

श्री दुर्गा महाशक्ति मंडल ने नवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू की, इंदर सिंह ठाकुर बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दुर्गा महा शक्ति मंडल, रेस्ट हाउस के सामने, पार्वती नगर आष्टा द्वारा नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने हेतु आम सभा का आयोजन किया गया।सभा में सर्वसम्मति से इंदर सिंह ठाकुर को मंडल का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद दुर्गा पंडाल का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा के द्वारा किया गया।नवरात्रि पर्व हेतु विशाल पंडाल के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंडल द्वारा बताया गया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन धार्मिक आयोजन जैसे सुंदरकांड, गरबा, प्रवचन आदि आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सदस्य बाबूलाल देववाल, अनिल पांचाल, राजेश पांचाल, दिलीप सवरिया, सचिन राठौर, हरिओम पांचाल, शुभम सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बसपा की बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन समाज पार्टी की सीहोर जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के मुख्य जोन प्रभारी एडवोकेट कमलेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष कोमल नगर ने की। बैठक में आगामी 9 अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम साहब के 20वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली श्रद्धांजलि सभाओं की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि प्रदेश में बसपा के चार जोन के अंतर्गत श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जाएगा। भोपाल जोन की श्रद्धांजलि सभा भोपाल में, इंदौर जोन की सभा खरगोन में, ग्वालियर जोन की सभा छतरपुर में तथा रीवा जोन की सभा मऊगंज में आयोजित की जाएगी। खरगोन में आयोजित कार्यक्रम में एडवोकेट कमलेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।मुख्य अतिथि एडवोकेट कमलेश कुमार ने जिला कमेटी के पदाधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने जिले के सीहोर, इछावर एवं बुधनी विधानसभा क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भोपाल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने तथा आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को खरगोन कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की।बैठक में हजारों कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल कराने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से वाहनों की व्यवस्था एवं निर्धारित लक्ष्य को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अब तक की तैयारियों की रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा प्रभारी भोपाल अनोखी लाल मालवीय, लोकसभा प्रभारी विदिशा संजीव बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष नवीन भेरवे, जिला महासचिव डीवी बड़ोदिया, जिला सचिव नर्सिंग भारतीय, जिला कोषाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद सागर फौजी सहित धर्मेंद्र कनेरिया, लखन बड़ोदिया, बलराम पेठारी, प्रकाश दोहरे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मद्य निषेध सप्ताह के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में मद्य निषेध सप्ताह 2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से चित्रकला, पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम, नशामुक्ति की आवश्यकता तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण का प्रभावी संदेश प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन एवं संचालन में महाविद्यालय की रेड क्रॉस इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इकाइयों के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ आयोजन की व्यवस्थाओं में भी सहयोग प्रदान किया गया। महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित करना रहा।

हितग्राहियों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

सीहोर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिलेभर में आज विशेष अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिले के 4 लाख 71 हजार 359 हितग्राहियों को कृमिनाशक दवा खिलाकर लाभान्वित किया गया। विधायक श्री सुदेश राय ने शासकीय सांत्वनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडी सीहोर में बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर माननीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगैर में किया गया कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अंतर्गत एक से एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के समस्त बालक बालिकाओं को कृमि नाशक दवाई दी जाएगी। जिसमें 1 वर्ष से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी एवं 5 वर्ष से 19 वर्ष तक के समस्त बालक बालिकाओं को स्कूल में दवाई खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारण से स्कूल नहीं आए थे, उन्हें 9 अक्टूबर को मापअप दिवस के दिन दवाई खिलवाई जाएगी। इस अवसर पर विधायक ने बच्चों को अपने हाथों से गोली खिलाकर शुभारंभ किया। साथ ही इसके महत्व को बताते हुए सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर पिंटू परमार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, वीरेंद्र पाटाडा जनपद सदस्य, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ शअमित माथुर, मोहन श्रीवास्तव बीईई, तरुण राठौर बीसीएम, रानीभट्ट सीएचओ, सुनील बड़ोदिया एमपीएस, सुरेंद्र ठाकुर, आशा कार्यकर्ता, स्कूल के प्राचार्य सहित कई जनप्रति निधि और नागरिक के साथ स्कूल के बालक बालिकाये उपस्थित रहे।

जेई शिवराम सिंह का बिलकिसगंज तबादला, कर्मचारियों ने दी विदाई

महिला अधिकारी के हाथों में 84 गांवों की बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/दोराहा



अहमदपुर विद्युत केंद्र में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। केंद्र के प्रभारी जेई शिवराम सिंह का स्थानांतरण बिलकिसगंज किया गया है। उनके स्थान पर महिला अधिकारी मनीषा चौहान को अहमदपुर विद्युत केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब करीब 84 गांवों की बिजली व्यवस्था की कमान नई प्रभारी अधिकारी के हाथों में होगी। बड़े ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखना नई प्रभारी के सामने बड़ी जिम्मेदारी होगी। उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण, फाल्ट और लाइन संबंधी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के साथ बिजली चोरी पर निगरानी भी महत्वपूर्ण चुनौती रहेगी। अब देखना होगा कि नई प्रभारी अधिकारी 84 गांवों की विद्युत व्यवस्था को किस तरह संभालती हैं और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में कितनी तेजी आती है।

कर्मचारियों ने कहा, याद आएंगे शिवराम

जेई शिवराम सिंह के स्थानांतरण पर सोमवार शाम चरनाल के गायत्री गार्डन में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने विदाई समारोह आयोजित किया लंबे समय तक काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के बीच विदाई का माहौल भावुक रहा। जेई शिवराम सिंह को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल और मुश्किल परिस्थितियों में मिले सहयोग को याद किया। विदाई समारोह में कई कर्मचारी भावुक नजर आए। शिवराम सिंह ने भी कर्मचारियों के सहयोग को याद करते हुए कहा कि विभाग के कर्मचारियों ने हर बड़ी समस्या के समय पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से काम किया और उनका भरपूर सहयोग दिया उन्होंने कहा कि साथियों का यह सहयोग और अहमदपुर में बिताया समय हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताया बिजली कर्मचारियों ने भी शिवराम सिंह के नए कार्यस्थल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लखन दुबे, एई श्यामपुर मुख्य अतिथि के रूप में श्यामपुर जेई यशवंत यादव खजूरी जेई हर्ष चौरे शिवराम सहित बड़ी संख्या में बिजली विभाग के कर्मचारी लाइनमैन ऑपरेटर मौजूद रहे।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जत्रा में मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जत्रा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को कृमि नाशक एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, रामचंद्र मालवीय, गजराज सिंह कासलीवाल, कुमेर सिंह ठाकुर, उपलब्धि नागोरी, अजय ठाकुर, पवित्र शर्मा, सुपरवाइजर पूजा मेहरा, सीएचओ अंतर बाई सहित समस्त स्टाफ ने अभियान में सहभागिता कर कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।